भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 743**

दिनांक 29.11.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**पासपोर्ट कार्यालयों में रिक्त पद**

743. **डॉ. मोहम्मद जावेदः**
**डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानीः**
**श्री तनुज पुनियाः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः-

(क) देश के पासपोर्ट कार्यालयों में रिक्त पदों की कुल संख्या कितनी है तथा उनकी रिक्ति अवधि, श्रेणी-वार कितनी है ;

(ख) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि देशभर के पासपोर्ट कार्यालयों में रिक्त पदों के कारण पासपोर्ट जारी करने और नवीनीकरण में काफी समय लग रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा रिक्त पदों को भरने में हो रहे विलंब के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाया है/उठाने का विचार है कि पासपोर्ट कार्यालयों द्वारा लोगों को दी जा रही सेवाओ में अधिक समय न लगे और लोगों को असुविधा न हो; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार इस मुद्दे को किस प्रकार हल करने की योजना बना रही है?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**[ श्री कीर्ति वर्धन सिंह ]**

(क) पासपोर्ट कार्यालयों में रिक्त पदों का श्रेणीवार ब्यौरा निम्नानुसार है:

| **पद का नाम** | **रिक्ति** |
|---|---|
| पासपोर्ट अधिकारी | 04 |
| उप पासपोर्ट अधिकारी | 13 |
| सहायक पासपोर्ट अधिकारी | 07 |
| वरिष्ठ अधीक्षक | 74 |
| अधीक्षक | 172 |
| सहायक अधीक्षक | 273 |
| वरिष्ठ पासपोर्ट सहायक | 110 |
| कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक | 251 |
| सहायक निदेशक | 03 |
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 15 |
| आशुलिपिक (ग्रेड -I) | 02 |
| आशुलिपिक (ग्रेड -II) | 06 |
| कार्यालय सहायक | 65 |
| कुल | 995 |

(ख) से (ङ) सरकार नागरिकों को समय पर पासपोर्ट जारी करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। सरकार प्रक्रियाओं के अनुसार रिक्तियों को भरने के लिए सभी उपचारात्मक उपाय भी

कर रही है।सीधी भर्ती श्रेणी में कार्यालय सहायक, कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक, सहायक अधीक्षक, आशुलिपिक और कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पदों को भरने के लिए कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) को 447 रिक्तियां भेजी गई हैं। विभागीय पदोन्नति समितियों (डीपीसी) और सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) के माध्यम से पदोन्नतियां समय पर की जा रही हैं।

*****